# 4 आ की मात्रा

## आ की मात्रा ( ा )

अ + न् + आ + र     अ + न + ा + र = अनार



बादल
cloud




छाता
umbrella



तारा
star



आकाश
sky



गाय
cow



घास
grass



दाल
dal



चावल
rice

## पढ़ो। (Read.)

| | |
|---|---|
| चार | तार |
| कार | मार |

| | |
|---|---|
| ताला | नाला |
| माला | जाला |

| | |
|---|---|
| पायल | अचार |
| गमला | झरना |

**शिक्षण संकेत** व्यंजनों के बीच में आ के स्थान पर आ की मात्रा (ा) लगाते हैं। मात्रा का उच्चारण आ की भाँति होता है।


# खाना बनाया

रमा पालक काटकर लाई।

पालक का हरा साग बनाया।



पालक
spinach



साग
saag



गाजर
carrot



हलवा
halwa

राज गाजर लाया।

गाजर का हलवा बनाया।

राम लाल टमाटर लाया।

टमाटर का सलाद बनाया।



टमाटर
tomato



सलाद
salad



दाल
dal



बड़ा
vada

लता घर जाकर दाल लाई।

दाल का बड़ा बनाया।

सब आए, खाना बनाया। साथ-साथ खाना खाया।

**जिनका रंग हरा  होता है, उनपर ✓ लगाओ। ( ✓ the things that are green.)**

घास चावल टमाटर तारा गाजर पालक

# आओ करें

**1. उत्तर लिखो। (Answer these.)**



क. पालक का क्या बनाया?

पालक का ____________ बनाया।





ख. गाजर का क्या बनाया?

गाजर का ____________ बनाया।





ग. टमाटर का क्या बनाया?

टमाटर ________ ____________ बनाया।





घ. दाल का क्या बनाया?

दाल का ____________ ____________।



ङ. साथ-साथ क्या खाया?

साथ-साथ ____________ ____________।

माली
gardener


नीली पगड़ी
blue turban


बारिश
rain


लाल पगड़ी
red turban


काली पगड़ी
black turban


कील
nail


हरी पगड़ी
green turban


पीली पगड़ी
yellow turban


दरजी
tailor


## मनी की पगड़ी

एक  था। उसका नाम मनी था। वह एक सफेद  खरीदना चाहता था। वह बाजार गया। वहाँ उसे , , ,  और  दिखी। वह एक  खरीदकर लाया। वह हर दिन सिर पर पगड़ी पहनता। एक दिन  आई। पगड़ी भीग गई। मनी ने भीगी पगड़ी एक  पर लटका दी। जब वह पगड़ी उतार रहा था तब पगड़ी कील पर अटक गई। अटककर पगड़ी फट गई। मनी  के पास गया।
 ने फटी पगड़ी सिल दी।

## स्कूल की पिकनिक



आज स्कूल की
पिकनिक थी।



पिताजी के लाए
नए जूते पहने।



मैं आलू-पूड़ी
लेकर गई।



अरुण लड्डू लाया था।



सबने मिलकर खूब खाया।



फिर घूम-घूमकर गाना गाया।



खूब झूला झूली।



## भूखा शेर

एक अकेला शेर चला,
लेकिन शिकार नहीं मिला।

केला, सेब, मीठे बेर,
उसे न भाए ये सब ढेर।

वह चाहे एक शिकार,
सुबह-दोपहर या फिर रात।

डरते सभी भेड़िया, भेड़,
शेर न ले सभी को घेर।

लेकिन भेड़िया चतुर निकला,
उसने सबका पथ बदला।

भूखा रह गया बेचारा शेर,
फिर भी खाए न मीठे बेर।

अकेला
alone

शिकार
prey

बेर
berry

ढेर
heap


भेड़िया
wolf

भेड़
sheep

पथ
way

## दादी-पोती की बात

**रोमा** दादी, क्या कर रही हो?



**दादी** मोती पिरो रही हूँ।

**रोमा** वाह! छोटे-छोटे, गोल-गोल मोती। दादी मोती बाद में पिरोना। बहुत भूख लगी है। पहले मेरे लिए एक रोटी बना दो न।

**दादी** रोटी के साथ क्या खाओगी?

**रोमा** गोभी की सब्जी।



**दादी** अभी लो।

**रोमा** रोटी कैसे बनाते हैं?

**दादी**



आटा लो।



आटा गूँथो।



लोई बनाओ।



गोल-गोल बेलो।



तवे पर सेंको।



थोड़ा फुलाओ।
बन गई रोटी।

**रोमा** छोटी-छोटी, गोल-गोल, फूली-फूली रोटी।



**दादी** चलो जाओ, हाथ धोकर आओ।

फिर, बैठकर रोटी खाओ।

**3. वर्ग पहेली से नाम ढूँढ़कर लिखो। (Find the names from the grid and write.)**



हंस









| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कं | म | प | क | प | लं | ग |
| घा | पं | तं | ट | ड | हं | स |
| च | ख | ग | सं | ज | न | झं |
| घं | न | ह | त | ख | अ | डा |
| टी | झ | त | रा | ष | प | र |
| ज | शं | ख | ह | सं | दू | क |











## आओ करें

**पहेलियाँ बूझो और सही चित्र के साथ उनकी संख्या लिखो।**

**(Solve the riddles. Number the pictures correctly.)**

1 मंजन जिस पर रोज लगाते,
ब्रश मारकर उसे चमकाते,
एक गुफा के अंदर रहते,
बोलो क्या है उसको कहते?



चाँद ☐

2 गोरा-गोरा रंग है उसका,
दिन निकले छिप जाता है।
बहुत सारे मित्रों के साथ,
रात घूमने आता है॥



सूँड़ ☐

3 वो न मूँछ है न पूँछ है,
न पैर है न हाथ।
कहीं नहीं आती-जाती,
रहती हाथी के साथ॥



कुआँ ☐

4 बहुत बड़ा है एक घड़ा,
घड़े में बहुत-सा पानी।
बालटी लेकर रस्सी से,
खींचते हैं हम पानी॥



दाँत ☐

## गतिविधि

**रंग भरो। (Colour the picture.)**





**कुछ रंगों के नाम जानो। (Learn the names of some colours.)**

नीला पीला हरा काला लाल आसमानी

क. पगड़ी में कितने रंग हैं? ________

ख. फूलों का रंग क्या है? ________

ग. तुम्हें किस रंग की पगड़ी पसंद है? ________